# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
# सर्कुलर रोड, राँची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

विज्ञापन संख्या–04/2018 की कंडिका–6(iv) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के लिए साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों की संख्या सुनिश्चित करने हेतु आयोग द्वारा लिए निर्णय (प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.11.2022 द्वारा संसूचित) के आलोक में **Geology, Anthropology** एवं **Kurmali** विषयों के कोटिवार रिक्ति के **05 गुणे** अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से आंवटित प्राप्तांक आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर दिनांक–**20.11.2022** से उपलब्ध रहेगा।

2. ज्ञातव्य है कि विषय **Anthropology** हेतु पूर्व में दिनांक–26.06.2022 को संसूचित प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध चार गुणे अभ्यर्थियों के प्राप्तांक आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध कराये गए थे। जिस पर आपत्ति आवेदन भी प्राप्त हुए है।

पुनः आयोग के निर्णय (प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.11.2022 द्वारा संसूचित) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के पाँच गुणे अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से आवंटित प्राप्तांक उपलब्ध कराया जाना है।

3. इस क्रम में उपरोक्त **तीनों विषयों (Geology, Anthropology** एवं **Kurmali)** के जिन अभ्यर्थियों का औपबंधिक प्राप्तांक प्रकाशित किया जायेगा वो अपना जन्मतिथि एवं निबंधन संख्या दर्ज कर अपना प्राप्तांक देख सकते है। यदि किसी अभ्यर्थी को ऐसा लगे कि उसे प्रकाशित अंक से अधिक अंक प्राप्त होना चाहिए तो वह अपना दावा संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ आयोग की वेबसाईट पर प्रकाशित की जाने वाली निर्देश के आलोक में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सूचना भरकर केवल email के माध्यम से **email id-ap42018@jpsc.gov.in** पर दिनांक–23.11.2022 तक भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अन्य अभ्यर्थी जिन्होंने अपने आवेदन पत्र में विज्ञापन की कंडिका–6(ii) के लिए प्रकाशित Cut Off Marks से अधिक या बराबर अंक का दावा किया है परन्तु उनका अंक प्रकाशित नहीं किया है, वे भी अपने आपत्ति दिनांक–**23.11.2022** तक email **id-ap42018@jpsc.gov.in** पर समर्पित कर सकते हैं। दिनांक–**23.11.2022** के बाद प्राप्त email पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के क्रम में आवंटित अंक के आधार पर मेधाक्रमानुसार **05 गुणा** अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट पर दिनांक–**28.11.2022** को उपलब्ध रहेगा। इन अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में दिनांक–**30.11.2022** को पूर्वाह्न 9:30 बजे से निर्धारित है। अभिलेख सत्यापन से संबंधित निदेश भी दिनांक–**28.11.2022** को आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

5. अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों में से मेधाक्रमानुसार कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध साक्षात्कार हेतु योग्य पाये जाने वाले **03 गुणा** अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार संबंधित निदेश आयोग के वेबसाईट पर दिनांक–**02.12.2022** को उपलब्ध रहेगा।

6. साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक–**05.12.2022** को पूर्वाह्न 9:30 बजे से निर्धारित है।

ह0/–
उप सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।